भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2696**

जिसका उत्तर 10 मार्च, 2021 को दिया जाना है।

19 फाल्गुन, 1942 (शक)

## डिजिटल इंडिया कार्यक्रम

**2696. श्री नारणभाई काछड़िया** :
**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत देश में प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसंरचना प्रदान करने की संभावना है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में डिजिटल इंडिया के लाभ प्रदान करने के लिए गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने सामान्य सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं ?

उत्तर

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

**(क) और (ख)** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) भारत सरकार ने डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण और डिजिटल अंतराल को पाटने को सुनिश्चित करके भारत को डिजिटल रूप में सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने के लिए 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम शुरू किया है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम 3 प्रमुख विजन क्षेत्रों पर केन्द्रित है अर्थात् प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगिता के रूप में डिजिटल अवसंरचना, मांग पर शासन और सेवाएं और नागरिकों का डिजिटल सशक्तीकरण। नागरिकों के लिए उपलब्धता और अभिगम के लिए देश के डिजिटल अवसंरचना को मजबूत करने केलिए सरकार द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण पहलें इस प्रकार हैं:

- **आधार:** आधार 12 अंक की बायोमेट्रिक और जनसांख्यकी आधारित पहचान उपलब्ध कराता है जो विशिष्ट, जीवन पर्यन्त, ऑनलाइन और प्रमाणिक है। 128+ करोड़ निवासियों को नामांकित किया गया है।
- **सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी)** : सामान्य सेवा केंद्र, सेवा (सरकार से नागरिक और व्यवसाय से नागरिक) प्रदायी केन्द्र है। अब तक 3.73 लाख सामान्य सेवा केन्द्र सक्रिय हैं और इनमें से 2.78 लाख ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं।
- **डिजिटल लॉकर** : डिजिटल लॉकर डिजिटल कोषों में दस्तावेज अपलोड करने के लिए जारीकर्ताओं हेतु कोषों के संग्रह और गेटवे सहित पारिप्रणाली उपलब्ध कराता है। अब तक डिजिटल लॉकर के 5.7 करोड़ पंजीकृत प्रयोक्ता हैं। 427 करोड़ प्रमाणित दस्तावेज जारी किए गए हैं। 965 जारीकर्ता और 154 अनुरोधकर्ता संगठनों को ऑनबोर्ड किया गया है।
- **ई –हस्ताक्षर फ्रेमवर्क**: ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर सेवा : ई-हस्ताक्षर आधार धारक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के आसान, कुशल और सुरक्षित हस्ताक्षर के लिए एक पहल है। ई मुद्रा लिमिटेड, सी-डैक (एन) कोड सोल्यूशन, एनएसडीएल ई-शासन अवसंरचना लिमिटेड और कैपरीकार्न नाम के पांच एजेंसियों को ई-हस्ताक्षर सेवा प्रदान करने के लिए पैनलब्द्ध किया गया है। 12.50 से अधिक ई-हस्ताक्षर जारी किए गए हैं।
- **मेघराज और सीएसपी** : डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भाग के रूप में भारत सरकार ने क्लाउड कम्प्यूटिंग के लाभों का दोहन और इसका सदुपयोग करने के प्रयोजन से "मेघराज" नाम से एक महत्वकांक्षी पहल शुरू की है। इससे देश में ई-सेवाओं के प्रदायगी और सरकार के आईसीटी व्यय में वृद्धि सुनिश्चित होगा।

- **भारत नेट** : भारतनेट ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड क्रांति शुरू करने के लिए एक महत्वांकाक्षी पहल है। दूर संचार विभाग द्वारा इस परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। भारतनेट का उद्देश्य देशभर की सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों (जीपी) को जोड़ना और 100 एमबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है। अब तक 1,54,096 ग्राम पंचायतों सेवा के लिए तैयार है।

**(ग).** डिजिटल इंडिया प्रोग्राम" के तहत कॉमन सर्विसेज सेंटर्स (सीएससी) के कार्यान्वयन की राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की स्थिति निम्नानुसार है:

| **31 जनवरी, 2021 तक सीएससी के रोलआउट की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की स्थिति** | | |
|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | कार्यात्मक सीएससी<br>(शहरी + ग्रामीण क्षेत्र) | कार्यात्मक सीएससी पर<br>ग्राम पंचायत स्तर |
| आंध्र प्रदेश | 10260 | 7529 |
| अरुणाचल प्रदेश | 140 | 107 |
| असम | 5842 | 5018 |
| बिहार | 34495 | 29684 |
| छत्तीसगढ | 13931 | 10698 |
| गोवा | 94 | 56 |
| गुजरात | 12477 | 8205 |
| हरयाणा | 16865 | 11616 |
| हिमाचल प्रदेश | 3665 | 3163 |
| झारखंड | 14635 | 12023 |
| कर्नाटक | 10467 | 5871 |
| केरल | 3938 | 2976 |
| मध्य प्रदेश | 30686 | 21486 |
| महाराष्ट्र | 49362 | 35344 |
| मणिपुर | 894 | 707 |
| मेघालय | 766 | 657 |
| मिजोरम | 294 | 174 |
| नगालैंड | 360 | 210 |
| ओडिशा | 12715 | 10774 |
| पंजाब | 10112 | 7039 |
| राजस्थान | 15723 | 11829 |
| सिक्किम | 52 | 37 |
| तमिलनाडु | 9955 | 6147 |
| तेलंगाना | 8104 | 5220 |
| त्रिपुरा | 1020 | 854 |
| उतार प्रदेश | 76444 | 57913 |
| उत्तराखंड | 7322 | 5266 |
| पश्चिम बंगाल | 17253 | 15017 |
| राज्य: उप-कुल | 367871 | 275620 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 46 | 23 |
| चंडीगढ़ | 71 | 9 |
| दादरा और नगर हवेली | 53 | 34 |
| दिल्ली | 2775 | 0 |
| जम्मू और कश्मीर | 2850 | 2259 |
| लद्दाख | 24 | 18 |
| लक्षद्वीप | 10 | 10 |
| पुदुचेरी | 150 | 85 |
| संघ राज्य क्षेत्र: उप-कुल | 5979 | 2438 |
| कुल (राज्य + केन्द्र शासित प्रदेश) | **373850** | **278058** |

******